**इस्पात मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 225**

**30 नवम्बर, 2015 को उत्तर के लिए**

## इस्पात का मूल्य

**225. श्री भैरों प्रसाद मिश्र:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान लोहे की छड़ों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस्पात के गुणवत्ता नियंत्रण के लिए सरकार की योजना का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस्पात की कीमतों में गिरावट के क्या कारण हैं और देश में इसकी कीमतों में गिरावट के संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**इस्पात और खान राज्य मंत्री** **(श्री विष्णु देव साय)**

क) पिछले तीन वर्षों के दौरान वायर राड की दरों का ब्यौर निम्नवत है:

(आंकड़े रु. प्रति टन)

| माह | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 |
|---|---|---|---|---|
| अप्रैल | 50230 | 46500 | 48353 | 38260 |
| मई | 50640 | 46500 | 48208 | 39999 |
| जून | 49630 | 46250 | 48353 | 35741 |
| जुलाई | 49580 | 46250 | 48932 | 32993 |
| अगस्त | 49880 | 46000 | 43600 | 32304 |
| सितंबर | 49220 | 46710 | 43202 | 32517 |
| अक्तूबर | 48870 | 46600 | 42904 | 31139 |
| नवंबर | 48510 | 46760 | 39757 | |
| दिसंबर | 48660 | 47210 | 38251 | |
| जनवरी | 47360 | 47470 | 39527 | |
| फरवरी | 46960 | 47820 | 39248 | |
| मार्च | 46450 | 47520 | 39133 | |
| *मुम्बई की खुदरा कीमत पर आधारित कीमतें* | | | | *स्रोत: जेपीसी* |

ख)	इस्पात मंत्रालय ने अपने दिनांक 12 मार्च, 2012, के आदेश के जरिए इस्पात एवं इस्पात उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश 2012 अधिसूचित किया है जिसके माध्यम से ऐसे सभी अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू विनिर्माताओं को अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट इस्पात एवं इस्पात उत्पादों जो या तो मानकों के अनुरूप नहीं हैं या जिन पर मानक चिह्न (बीआईएस या आईएसआई चिह्न) छपा नहीं है, के विनिर्माण, आयात, बिक्री हेतु भंडारण अथवा वितरण को प्रतिबंधित किया गया है।

ग)	इस्पात की कीमतें बाजार द्वारा निर्धारित होती हैं और ये बाजार में विशिष्ट मांग और आपूर्ति की परिस्थितियों पर आधारित होती हैं। स्वतंत्र विदेशी व्यापार के साथ वैश्विक रूप से एकीकृत बाजार होने के नाते इस्पात की कीमतें मुख्य रूप से वैश्विक बाजार में प्रचलित प्रवृतियों द्वारा निर्धारित होती हैं। वैश्विक इस्पात बाजार की पहचान इस्पात उद्योग के साथ-साथ संबंधित कच्चे माल वाले उद्योगों में बहुत अधिक क्षमता के विद्यमान होने से होती है। इन सभी कारकों ने इस्पात की कीमतों पर दबाव डाला है और इसी के परिणामस्वरूप घरेलू बाजार में इसकी कीमतों में निरन्तर गिरावट हो रही है। इस्पात बाजार एक नियंत्रण मुक्त क्षेत्र है और सरकार का उसकी कीमतों पर सीधा नियंत्रण नहीं होता है। हालांकि, सरकार अनुचित व्यापार और सस्ते आयात से उद्योग की सुरक्षा के लिए उपयुक्त राजकोषीय उपायों के जरिये दखल देती है।

***